an>

Title: Need to establish industries and factories in Tonk district of Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपका आभारी हूं।

महोदया, मैं सदन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय को रखना चाहता हूं। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विचाराधारा है कि देश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोज़गार के अवसर मिलें और बेरोजगारी कम हो और बेरोजगार व्यक्ति अपना और अपने परिवार का पालन पोषण सही ढंग से कर सके। हमारे देश में ज्यादातर लोग गांव में रहते हैं, इसको देखते हुए मैं माननीय लघु उद्योग और कार्मिक मंत्री जी से मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक और सवाई माधोपुर जिले में एक कारखाना लगाने की मांग करता हूं। जिससे टोंक और सवाई माधोपुर जिले में आसपास के दो लाख बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिल सकें। मेरे संसदीय क्षेत्र में पानी में फ्लोराइड होने के कारण ज्यादातर किसान केवल एक ही फसल उगा पाते हैं और बाकी समय खाली रहते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की यह महत्वपूर्ण मांग है कि केन्द्रीय सरकार कोई योजना बनाए और वहां फैक्ट्रीयां लगाए ताकि मेरे क्षेत्र के लोगों को दिल्ली, जयपुर, नोएडा और गुड़गांव इत्यादि बड़े शहरों में रोजगार के लिए धक्के न खाने पड़े। टोंक में एक लैदर फैक्ट्री थी, वह बंद कर दी गयी और संवाई माधोपुर में एक सीमेंट फैक्ट्री थी, वह भी बंद कर दी गयी है। मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से यही मांग है।